मेरा मालिक बाबा श्याम | By Niranjan Aacharya

बाल ना बांका हो सकता मेरा, चाहे संकट खड़े हैं तमाम
घर से निकलता हूँ मैं लेके अपने श्याम का नाम

तीन बाण तरकश में लीले घोड़े की लगाम है
मुझसे पन्गा मत लेना मेरा मालिक बाबा श्याम है

मालिक बड़ा दयालु दाता हर दम रखता खैर है
मालिक का दरबार है ऐसा होती नहीं अंधेर है
जो चाहे वो मिल जाता है बहुत ही तगड़ा काम है
मुझसे पन्गा मत लेना मेरा मालिक बाबा श्याम है

मैं इसकी मस्ती में रहता सबसे जय श्री श्याम है
और नहीं कुछ जानू करना श्याम भजन मेरा काम है
चार धाम से बढ़कर मेरे लिए तो खाटू धाम है
मुझसे पन्गा मत लेना मेरा मालिक बाबा श्याम है

मेरा मालिक नहीं साधारण सबसे शक्तिशाली है
काम बने चुटकी में जिस पर नज़र दया की डाली है
खाटू वाले श्याम धणी का काफी केवल नाम है
मुझसे पन्गा मत लेना मेरा मालिक बाबा श्याम है

मुझ जैसे नालायक को भी बाबा ने अपनाया है
खोटे से खोटे सिक्के को दुनिया में चलवाया है
कहे निरंजन करो भजन इनके बिन चक्का जाम है
मुझसे पन्गा मत लेना मेरा मालिक बाबा श्याम है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%95-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-niranjan-aacharya/